डिजीटल अखबार

डीआर भोपाल

01

भोपाल, बैरागढ़, बीएचलएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | आश्विनी कृष्ण 10- 2083 | भोपाल,दिन मंगलवार, दिनांक 06 अक्टुबर, 2026

न्यूज गैलरी

किसान संकट में, 30 जिलों में विशेष गिरदावरी करवाई जाए

भोपाल । मप्र कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि कम बारिश, सिंचाई-बिजली संकट और फसलों के उचित दाम नहीं मिलने से किसान परेशान हैं, लेकिन सरकार समाधान की बजाय किसानों के संभावित आंदोलन को रोकने की तैयारी कर रही है। पटवारी ने कहा कि 1 जून से 30 सितंबर तक प्रदेश में 908.4 मिमी बारिश हुई, जबकि सामान्य 949.5 मिमी है। पश्चिमी मप्र में करीब 11 प्रतिशत और इंदौर संभाग में 33 प्रतिशत कम बारिश हुई। उन्होंने 30 जिलों में विशेष गिरदावरी, एमएसपी की गारंटी, रबी सिंचाई रोस्टर, 48 घंटे में ट्रांसफार्मर बदलने, 10-12 घंटे थ्री-फेज बिजली और किसान कंटेनमेंट प्लान रद्द करने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि जुलाई के मूंग आंदोलन के बाद भोपाल में दिल्ली किसान आंदोलन की तर्ज पर इंटेलिजेंस रिपोर्ट तैयार कर 16 एंट्री-एग्जिट प्वाइंट चिह्नित किए गए हैं, जहां कंटेनर, कंक्रीट ब्लॉक, कंटीले तार और बैरिकेडिंग की तैयारी है।

18 साल वाले युवा मतदाता सूची में नाम जरूर जुड़वाएं

भोपाल ।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए यह बेहद जरूरी है कि मतदाता सूची भी अद्यतन, पारदर्शी और विश्वसनीय हो। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसमें मतदाता सूची का सत्यापन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने श्एक्सश पर कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर किसी भी तरह के भ्रम या अफवाह पर ध्यान न दें। फॉर्म 6 और डिक्लेरेशन सहित पूरी प्रक्रिया निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित है। सही जानकारी के लिए सिर्फ निर्वाचन आयोग की आधिकारिक जानकारी और निर्धारित प्रक्रिया पर ही विश्वास करें।

फाइनेंस कंपनी से 3. 55 लाख का लोन लेकर ट्रक कर दिया खुर्द-बुर्द

भोपाल । मणप्पुरम फाइनेंस कंपनी से ट्रक खरीदने के लिए 3.55 लाख रुपए की वित्तीय सुविधा लेने के बाद आरोपियों ने किस्तें चुकाना बंद कर दिया। ट्रक भी मौके पर नहीं मिला। कोर्ट के आदेश पर अब बागसेवनिया पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, मणप्पुरम फाइनेंस लिमिटेड की ओर से शाखा प्रबंधक अरविंद सिंह राजपूत ने न्यायालय में परिवाद पेश किया था। इसमें बताया गया कि शावेज खान और उसके पिता मुक्ति खान ने 19 मार्च 2016 को ट्रक एलपीटी 2515, रजिस्ट्रेशन नंबर एमपी 09 एचएफ 3564 के लिए 3.55 लाख रुपए की वित्तीय सुविधा ली

बोनस वितरण — मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने तेंदूपत्ता संग्राहकों को बांटा बोनस

हरसूद को 143 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात, खालवा में बनेंगे 6 सांदीपनि विद्यालय

डीआर संवाददाता ▸▸ हरसूद ।
मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को खंडवा जिले के हरसूद में आयोजित कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। रानी दुर्गावती जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने खंडवा जिले को करीब 143 करोड़ रुपये लागत के 18 विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण रिमोट के माध्यम से किया।

मुख्यमंत्री ने तेंदूपत्ता संग्राहकों को भी बोनस राशि का वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान 3 लाख 54 हजार 126 तेंदूपत्ता संग्राहकों को 21.34 करोड़ रुपये की बोनस राशि अंतरित की गई। इसके अलावा 56 समितियों को 4.58 करोड़ रुपये की काष्ठ लाभांश राशि प्रदान की गई।

खालवा में बनेंगे छह सांदीपनि विद्यालय

मुख्यमंत्री ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर क्षेत्रीय विकास और सुविधाओं से जुड़ी कई घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि खालवा तहसील क्षेत्र में छह सांदीपनि विद्यालय बनाए जाएंगे। हरसूद में 490 सीटर नया कन्या छात्रावास बनाने की घोषणा भी की गई। क्षेत्र के छात्रावासों में करीब 34 करोड़ रुपये की लागत से रोटी मेकर मशीनें लगाने की बात भी कही गई।

जनजातीय क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था मजबूत करने के लिए 25 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्य पूरे किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरसूद विधानसभा क्षेत्र की करवानी उद्वहन सिंचाई परियोजना पर भी तेजी से काम किया जाएगा। सरकार का लक्ष्य पांच वर्ष में प्रदेश का सिंचाई रकबा 100 लाख हेक्टेयर से अधिक करने का है।

रानी दुर्गावती के वंशजों का सम्मान

कार्यक्रम में पहली बार गोंडवाना साम्राज्य के 52 गढ़ों के शासकों के वंशजों का सम्मान किया गया। मुख्यमंत्री ने राजवंशजों को साफा पहनाकर तथा खड्ग और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि रानी दुर्गावती ने प्रजा के सुख को अपना धर्म माना और उनके शासन में कृषि, जल प्रबंधन तथा आधारभूत सुविधाओं पर विशेष जोर रहा।

तेंदूपत्ता संग्राहकों की आय बढ़ाने पर जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार तेंदूपत्ता संग्राहकों के हित में लगातार फैसले ले रही है। तेंदूपत्ता का पारिश्रमिक 750 रुपये से बढ़ाकर 4 हजार रुपये प्रति मानक बोरा किया गया है। इसके साथ ही शुद्ध लाभ का 75 प्रतिशत बोनस के रूप में दिया जा रहा है। सोमवार को छह जिलों के 3 लाख 54 हजार से अधिक संग्राहकों को बोनस राशि दी गई।

युवाओं से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की अपील

मुख्यमंत्री ने लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता सूची को अद्यतन और विश्वसनीय बनाए रखने पर भी जोर दिया। उन्होंने 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं से मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने की अपील की। साथ ही विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया को लेकर किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न देने और निर्वाचन आयोग की आधिकारिक जानकारी के आधार पर ही प्रक्रिया पूरी करने की बात कही।

हर साल होगी कर्मचारियों की डीपीसी, लंबित प्रमोशन के साथ चालू वर्ष की प्रक्रिया भी समय पर पूरी करने के निर्देश

कृषि विभाग में जल्द होगी 1500 नई नियुक्तियां

डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल ।
मध्यप्रदेश में सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति और रिक्त पदों पर भर्ती को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को सरकार की प्राथमिकताएं स्पष्ट कीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक लाख सरकारी पदों पर भर्ती का लक्ष्य रखा गया है और विभिन्न विभागों में नियुक्ति की प्रक्रिया लगातार आगे बढ़ाई जा रही है। कृषि विभाग में जल्द ही करीब 1500 नई भर्तियां किए जाने की जानकारी भी दी गई।
मुख्यमंत्री ने कहा कि पदोन्नति की प्रक्रिया अब नियमित रूप से जारी रहेगी। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि केवल पुराने लंबित मामलों का निराकरण करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि हर साल विभागीय पदोन्नति समिति यानी डीपीसी की प्रक्रिया पूरी की जाए। इससे पात्र कर्मचारियों को समय पर पदोन्नति का लाभ मिल सकेगा।

समय पर पूरा हो डीपीसी का काम डॉ. यादव ने कहा कि पिछले कुछ समय से कई विभागों में डीपीसी की प्रक्रिया नियमित नहीं हो पा रही थी। रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं होने सहित अन्य कारणों से पदोन्नति के मामले लंबित होते गए। अब सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि पात्र कर्मचारियों की पदोन्नति की प्रक्रिया को रोका नहीं जा सकता।मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चालू वर्ष की डीपीसी भी इसी वर्ष पूरी की जाए। उन्होंने कहा कि पदोन्नति की प्रक्रिया निरंतर चलती रहनी चाहिए, ताकि कर्मचारियों को अपने अधिकार के लिए लंबे समय तक इंतजार न करना पड़े।सरकार की ओर से भर्ती और पदोन्नति दोनों प्रक्रियाओं को गति देने पर जोर दिया जा रहा है।

बैरसिया में स्कूल बस हादसा,ब्रेक नहीं लगे,

भोपाल । सोमवार दोपहर बच्चों को घर छोड़ने जा रही स्कूल बस गरेठी जोड़ के पास अचानक बेकाबू होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे में बस में सवार 13 छात्र-छात्राएं घायल हो गए। घायलों में एक छात्रा के पैर और एक छात्र के हाथ में फ्रैक्चर बताया गया है। दो बच्चों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती रखा गया है।

पुलिस के अनुसार रैंकर्स पब्लिक स्कूल की बस बच्चों को लेकर गरेठिया गांव जा रही थी। करीब तीन बजे गरेठी जोड़ के पास अचानक सामने बाइक आ जाने से चालक ने उसे बचाने के लिए बस को दूसरी तरफ मोड़ दिया। चालक के मुताबिक इसी दौरान ब्रेक लगाने का प्रयास किया

देश के 8 जिलों में खुलेंगे ड्राइविंग ट्रेनिंग, स्क्रैपिंग और फिटनेस सेंटर

छतरपुर-दमोह समेत चयनित जिलों को केंद्र से मिलेगी वित्तीय और तकनीकी मदद, सड़क सुरक्षा और रोजगार

डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल
मध्यप्रदेश के आठ जिलों में परिवहन सुविधाओं के विस्तार के लिए ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल, वाहन स्क्रैपिंग सेंटर और फिटनेस सेंटर विकसित किए जाएंगे। इन केंद्रों की स्थापना के लिए केंद्र सरकार का सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय वित्तीय और तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराएगा। योजना के जरिए वाहन चालकों को बेहतर प्रशिक्षण देने, वाहनों की फिटनेस जांच मजबूत करने और पुराने प्रदूषणकारी वाहनों को चरणबद्ध तरीके से हटाने पर जोर रहेगा।
केंद्र सरकार ने देशभर में 120



एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट चिह्नित किए हैं। मध्यप्रदेश के छतरपुर, दमोह, बड़वानी, राजगढ़, विदिशा, गुना, सिंगरौली और खंडवा को भी इस योजना में शामिल किया गया है। इन जिलों में सामाजिक-आर्थिक विकास से जुड़े विभिन्न मानकों के आधार पर परिवहन सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में काम किया जाएगा।

21 नए स्क्रैपिंग सेंटर की जरूरत

प्रदेश में वर्तमान में आठ वाहन स्क्रैपिंग सेंटर संचालित हैं। इसके अलावा 21 नए सेंटर की आवश्यकता बताई गई है। पुराने वाहनों को स्क्रैप कराने के लिए प्रोत्साहन व्यवस्था भी लागू की जाएगी। इससे अनुपयोगी और अधिक प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को हटाने में मदद मिलेगी।

61 ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल प्रस्तावित

प्रदेश में फिलहाल 30 ऑटोमेटेड टेस्टिंग सेंटर संचालित हैं, जबकि छह और सेंटर की जरूरत है। इसी तरह 29 ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर स्वीकृत हो चुके हैं और 61 नए ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल प्रस्तावित हैं।
इन केंद्रों के जरिए चालकों को व्यवस्थित प्रशिक्षण, वाहनों की नियमित फिटनेस जांच और पुराने वाहनों के वैज्ञानिक निपटान की सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इससे चयनित जिलों में परिवहन व्यवस्था के साथ सड़क सुरक्षा और रोजगार के अवसरों को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

उज्जैन-शिवपुरी में नए एयरपोर्ट पर काम जारी

मध्यप्रदेश में बढ़ेगा हवाई नेटवर्क, जल्द 10 एयरपोर्ट हर विधानसभा क्षेत्र में स्थायी हेलीपैड

डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल
मध्यप्रदेश में हवाई कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए राज्य सरकार एयरपोर्ट, एयरस्ट्रिप और हेलीपैड का नेटवर्क बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है। नागरिक विमानन नीति-2025 के तहत प्रदेश में वर्तमान आठ एयरपोर्ट की संख्या जल्द बढ़ाकर 10 करने की तैयारी है। साथ ही सभी विधानसभा क्षेत्रों में स्थायी हेलीपैड विकसित करने की योजना पर भी काम किया जा रहा है।
प्रदेश में फिलहाल आठ एयरपोर्ट, 20 से अधिक एयरस्ट्रिप और करीब 220 हेलीपैड हैं। वर्ष 2023-24 में इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर और खजुराहो के पांच प्रमुख एयरपोर्ट संचालित थे। इसके बाद रीवा, दतिया और सतना को जोड़कर एयरपोर्ट की संख्या आठ हुई है। उज्जैन और शिवपुरी में एयरपोर्ट विकास का काम प्रगति पर है।

हर 150 किमी पर एयरपोर्ट का लक्ष्य

सरकार प्रदेश में हवाई सुविधाओं का विस्तार इस तरह करना चाहती है कि प्रमुख क्षेत्रों तक हवाई संपर्क आसान हो।
इसके लिए हर 150 किलोमीटर पर एयरपोर्ट, हर 75 किलोमीटर पर एयरस्ट्रिप और हर 45 किलोमीटर पर हेलीपैड विकसित करने की दिशा में काम किया जा रहा है।
सिंहस्थ-2028 को देखते हुए दताना-मताना एयरपोर्ट के विस्तार पर भी काम चल रहा है। इसके साथ पीएमश्री एयर एंबुलेंस और पीएमश्री हेली पर्यटन सेवा जैसी सुविधाओं के माध्यम से स्वास्थ्य, आपातकालीन सेवाओं और पर्यटन के क्षेत्र में हवाई सेवाओं की पहुंच बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है।

किसान की फसल सूख रही है, सरकार शदिल्ली मॉडलश की किलेबंदी सीख रही है , पटवारी

डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल
मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश में किसानों की बदहाल स्थिति को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश का अन्नदाता आज कम बारिश, सूखती फसल, सिंचाई और बिजली संकट तथा मंडियों में फसलों के उचित दाम नहीं मिलने की दोहरी मार झेल रहा है। लेकिन किसानों की समस्याओं का

समाधान करने के बजाय सरकार किसानों के संभावित आंदोलन को रोकने के लिए पुलिसिया किलेबंदी की तैयारी कर रही है। पटवारी ने कहा कि जुलाई में हुए मूंग आंदोलन के बाद सरकार किसानों के लोकतांत्रिक विरोध से इतनी घबरा गई है कि अब राजधानी भोपाल में किसानों को रोकने की रणनीति बनाई जा रही है। प्रदेश में किसानों की स्थिति को लेकर प्रदेश सरकार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने घेरा

इंटेलीजेंस स्तर पर रिपोर्ट की गई तैयार

उन्होंने कहा कि दिल्ली किसान आंदोलन के दौरान अपनाई गई रणनीतियों का अध्ययन कर इंटेलिजेंस स्तर पर रिपोर्ट तैयार की गई है। भोपाल के 16 प्रमुख एंट्री-एग्जिट प्वाइंट्स को चिन्हित कर कंक्रीट ब्लॉक, कंटेनर, कंटीले तार, अस्थायी

बीमा पॉलिसियों में हेराफेरी का आरोपी 8 माह बाद गिरफ्तार

डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल
एमपी नगर पुलिस ने बीमा पॉलिसियों में कथित हेराफेरी कर धोखाधड़ी करने के मामले में करीब आठ माह से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी एक इंश्योरेंस कंपनी में सीएमपी के पद पर कार्यरत था। पुलिस ने मामले में जांच के बाद उसकी तलाश शुरू की थी।पुलिस के अनुसार इटारसी निवासी 67 वर्षीय केएस चौहान ने एक अगस्त को एमपी नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में उन्होंने कोटक लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के जोन-2, एमपी नगर कार्यालय में सीएमपी पद पर कार्यरत सुधीर द्विवेदी पर बीमा पॉलिसियों में हेराफेरी करने का आरोप लगाया था।शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने फरियादी के बयान दर्ज किए और संबंधित बीमा पॉलिसियों तथा बैंक खातों से जुड़ी जानकारी जुटाई।

बारिश की संभावना, चक्रवाती परिसंचरण के कारण जबलपुर, रीवा और शहडोल संभाग में गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना

मध्यप्रदेश में फिर बदलेगा मौसम, चार दिन बारिश के आसारय पूर्वी हिस्से में ज्यादा असर

डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल
मानसून की विदाई के बाद मध्यप्रदेश में मौसम एक बार फिर करवट लेने वाला है। प्रदेश के ऊपर बने चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से जबलपुर, रीवा और शहडोल संभाग के कई इलाकों में अगले चार दिनों तक बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को पन्ना, सतना, रीवा, मैहर, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली और शहडोल में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश हो सकती है। 7 और 8 अक्टूबर को भी इन क्षेत्रों में बारिश का दौर जारी रहने का अनुमान है।
इसके विपरीत भोपाल और

इंदौर सहित पश्चिमी मध्यप्रदेश के कई हिस्सों में दिन के समय तेज धूप रहने की संभावना है। हालांकि रात के तापमान में गिरावट के कारण ठंडक महसूस होगी। बीती रात इंदौर में प्रदेश का सबसे कम न्यूनतम तापमान 17.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बैतूल में 17.5, छिंदवाड़ा में 17.6, पचमढ़ी मे 18 और अमरकंटक में 18.2 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा।

अक्टूबर में दिखेगा मौसम का

मिला-जुला असर

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अक्टूबर में प्रदेश में गर्मी, बारिश और ठंड तीनों का असर देखने को मिलता है। इस बार भी महीने की शुरुआत में दिन गर्म रहने और रात में ठंडक बढ़ने का सिलसिला जारी है। प्रदेश से दक्षिण-पश्चिम मानसून 3 अक्टूबर को पूरी तरह विदा हो चुका है, लेकिन चक्रवाती परिसंचरण और पश्चिमी विक्षोभ के कारण कुछ क्षेत्रों में बारिश हो सकती है।

सामान्य से कम हुई मानसूनी बारिश

इस मानसून सीजन में प्रदेश में कुल 908.4 मिमी यानी करीब 35.8 इंच बारिश दर्ज हुई। यह सामान्य 949.5 मिमी बारिश की तुलना में करीब 1. 5 इंच कम है। कुल बारिश सामान्य से लगभग 4 प्रतिशत कम रही। पूर्वी हिस्से में सामान्य से करीब 4 प्रतिशत अधिक, जबकि पश्चिमी हिस्से में करीब 12 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई।

प्रदेश के कई जिलों में बारिश का कोटा पूरा हो चुका है, जबकि नरसिंहपुर, दमोह, बालाघाट, जबलपुर, रीवा, सागर, सीहोर, इंदौर, उज्जैन, बैतूल, हरदा, रतलाम, झाबुआ, धार और आलीराजपुर समेत कई जिलों में सामान्य से कम बारिश दर्ज हुई है।

दिवाली से पहले मप्र कांग्रेस में बड़ा संगठन बदलाव, निष्क्रिय पदाधिकारियों की होगी छुट्टी

डीआर संवाददाता ▸▸ भोपाल
मध्यप्रदेश कांग्रेस में प्रदेश संगठन के पुनर्गठन को लेकर गतिविधियां तेज हो गई हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार दिवाली से पहले प्रदेश कार्यकारिणी में नए पदाधिकारियों की नियुक्तियां किए जाने की तैयारी है। इस बार पूरी कार्यकारिणी को भंग करने के बजाय निष्क्रिय पदाधिकारियों को हटाकर उनकी जगह सक्रिय नेताओं को जिम्मेदारी देने का फैसला किया गया है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी की राष्ट्रीय संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल के साथ संगठन में नियुक्तियों को लेकर चर्चा हो चुकी है। बताया जा रहा है कि पटवारी को सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए संभावित नामों के प्रस्ताव तैयार कर भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

अगस्त में कार्यकारिणी भंग करने का निर्णय

भोपाल में अगस्त में हुई प्रदेश कांग्रेस की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी को भंग करने का निर्णय लिया गया था। बाद में दिल्ली में हुई संगठन की समीक्षा बैठक में कई प्रदेश पदाधिकारियों की निष्क्रियता का मुद्दा सामने आया। इसके बाद सक्रिय नेताओं को संगठन में शामिल करने पर सहमति बनी।

59 विभाग और प्रकोष्ठ भी भंग

प्रदेश कांग्रेस के 59 विभाग और प्रकोष्ठ भी प्रदर्शन संतोषजनक नहीं पाए जाने के बाद भंग किए जा चुके हैं। करीब दो महीने से इन संगठनों की गति. विधियां प्रभावित हैं। नई नियुक्तियों में क्षेत्रीय और संगठनात्मक समीकरणों को ध्यान में रखने की तैयारी है।

प्रवक्ताओं की नियुक्ति भी अटकी

मध्यप्रदेश कांग्रेस में पिछले आठ महीने से प्रदेश प्रवक्ताओं की नियुक्तियां नहीं हुई हैं। फरवरी में पूर्व प्रवक्ताओं को पदमुक्त किया गया था। नए प्रवक्ताओं के चयन के लिए टैलेंट हंट प्रक्रिया के तहत मई में अंतिम साक्षात्कार भी हो चुके हैं, लेकिन अब तक नाम घोषित नहीं किए गए हैं। पार्टी स्तर पर करीब 20 प्रदेश प्रवक्ता, मीडिया पैनलिस्ट और जिला प्रवक्ताओं के चयन की प्रक्रिया

डिजटन अखबार

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर आश्विनी कृष्ण 10- 2083 सीहोर, दिन मंगलवार, दिनांक 06 अक्टुबर, 2026

सांप नेबला की लड़ाई झाड़ियों से निकले सांप ने फन फैलाकर संभाला मोर्चा, नेवले ने तेजी से किए हमले, राहगीरों ने मोबाइल में कैद किया पूरा नजारा

मंडी अंडरब्रिज पर अचानक आमने-सामने आए नाग और नेवला, सड़क पर देर तक चला रोमांचक मुकाबला

डीआर संवाददात>>सीहोर

शहर के मंडी अंडरब्रिज के पास सोमवार को उस समय राहगीरों की आवाजाही थम गई, जब सड़क किनारे अचानक नाग और नेवला आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते दोनों के बीच संघर्ष शुरू हो गया। फन फैलाए सांप और तेजी से दिशा बदलते नेवले के बीच हुई इस भिड़ंत को देखने के लिए आसपास मौजूद लोग सुरक्षित दूरी पर रुक गए। कुछ राहगीरों ने मोबाइल फोन से इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी बना लिया।

प्रत्यक्षदर्शी जितेंद्र राजपूत के अनुसार, मंडी अंडरब्रिज के समीप सड़क किनारे झाड़ियों में अचानक हलचल दिखाई दी। कुछ ही देर बाद वहां से सांप बाहर निकला। सड़क पर आते ही उसने फन फैला लिया और अपनी स्थिति संभाल ली। इसी दौरान झाड़ियों की ओर से नेवला भी बाहर आया और सांप के सामने पहुंच गया। दोनों के आमने-सामने आते ही कुछ ही क्षणों में संघर्ष शुरू हो गया।

सांप ने फन फैलाकर किया सामना

मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार, सांप बार-बार फन उठाकर नेवले की ओर बढ़ रहा था। वह अपनी स्थिति बनाए रखते हुए नेवले को दूर रखने की कोशिश कर रहा था। दूसरी ओर नेवला लगातार तेजी से इधर-उधर घूम रहा था और सांप के हर वार से बचने की कोशिश करता दिखाई दिया। दोनों के बीच हो रही गतिविधियों के कारण सड़क पर मौजूद लोगों की नजरें इस नजारे से हट नहीं रही थीं।

राहगीरों ने बनाए वीडियो

सड़क के पास अचानक शुरू हुए इस संघर्ष ने आसपास से गुजर रहे लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। कई लोग कुछ दूरी पर खड़े होकर दोनों जीवों की गतिविधियां देखते रहे। कुछ लोगों ने मोबाइल फोन निकालकर वीडियो रिकॉर्ड करना शुरू कर दिया। थोड़ी ही देर में यह वीडियो लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया।

झाड़ियों में चले गए दोनों जीव

नाग और नेवले के बीच यह मुकाबला कुछ समय तक सड़क के आसपास चलता रहा। इसके बाद दोनों धीरे-धीरे झाड़ियों की ओर बढ़ गए और देखते ही देखते नजरों से ओझल हो गए। इस कारण मौके पर मौजूद लोग यह नहीं देख सके कि संघर्ष का अंतिम परिणाम क्या रहा।

प्राकृतिक क्षेत्र में वन्यजीवों की मौजूदगी

मंडी अंडरब्रिज के आसपास झाड़ियों और खाली स्थानों के कारण यहां समय-समय पर छोटे वन्यजीव दिखाई दे सकते हैं। सोमवार को नाग और नेवले के आमने-सामने आने का यह दृश्य भी इसी प्राकृतिक गतिविधि का हिस्सा रहा। हालांकि सड़क पर इस तरह वन्यजीवों की मौजूदगी राहगीरों के लिए कौतूहल का कारण बनी। घटना का वीडियो सामने आने के बाद स्थानीय स्तर पर इस नजारे की चर्चा होती रही।

पुरानी रंजिश ने लिया हिंसक रूप, मारपीट में तीन लोग

खेत की जमीन को लेकर विवाद, दो पक्षों में खूनी झड़प

डीआर संवाददात>>सीहोर।

इछावर थाना क्षेत्र के दुदलाई गांव में खेत की जमीन को लेकर चल रहा पुराना विवाद एक बार फिर सामने आ गया। दोनों पक्षों के बीच कहासुनी के बाद विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान डंडे और हंसिया से हमला किए जाने की बात सामने आई है। घटना में तीन लोग घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए सीहोर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार, दुदलाई गांव में खेत की जमीन को लेकर दोनों पक्षों के बीच काफी समय से विवाद चला आ रहा था। इसी विवाद को लेकर घटना वाले दिन दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए। शुरुआत में दोनों के बीच बातचीत और कहासुनी हुई। देखते ही देखते मामला बढ़ गया और दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गई। इसी दौरान एक पक्ष की ओर से डंडे और हंसिया से हमला किए जाने से तीन लोग घायल हो गए।घटना के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। गांव में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ग्रामीणों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। जिला अस्पताल में उनका उपचार किया जा रहा है।

पुलिस ने दर्ज किया मामला

विवाद की सूचना मिलने के बाद इछावर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जानकारी जुटाई। पुलिस ने घायलों के बयान भी दर्ज किए हैं। प्रारंभिक जांच के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, मामले में शामिल आरोपियों की तलाश की जा रही है।

न्यूज गैलरी

सोयाबीन उपार्जन के लिए किसान 17 अक्टूबर तक करा सकेंगे पंजीयन

सीहोर। खरीफ वर्ष 2026 की सोयाबीन फसल के उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन 17 अक्टूबर तक किया जाएगा। भारत सरकार की प्राइस डिफिसिट पेमेंट स्कीम (भावांतर योजना) के तहत यह पंजीयन ई-उपार्जन पोर्टल पर किया जा रहा है। किसान निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ऑनलाइन पंजीयन करा सकेंगे। किसानों की सुविधा के लिए जिले में निर्धारित पंजीयन केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। विभाग ने किसानों से निर्धारित अवधि में पंजीयन कराने की अपील की है, ताकि योजना का लाभ लेने में किसी तरह की परेशानी न हो।

सोयाबीन उपार्जन के लिए किसान 17 अक्टूबर तक करा सकेंगे पंजीयन

सीहोर। खरीफ वर्ष 2026 की सोयाबीन फसल के उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन 17 अक्टूबर तक किया जाएगा। भारत सरकार की प्राइस डिफिसिट पेमेंट स्कीम (भावांतर योजना) के तहत यह पंजीयन ई-उपार्जन पोर्टल पर किया जा रहा है। किसान निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ऑनलाइन पंजीयन करा सकेंगे। किसानों की सुविधा के लिए जिले में निर्धारित पंजीयन केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। विभाग ने किसानों से निर्धारित अवधि में पंजीयन कराने की अपील की है, ताकि योजना का लाभ लेने में किसी तरह की परेशानी न हो।

नवाचार करने वाले किसानों को मिलेगा सम्मान, 25 अक्टूबर तक आवेदन

सीहोर। आत्मा योजना के तहत वर्ष 2025-26 के लिए सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार और बेस्ट आत्मा जिला पुरस्कार के लिए पात्र किसानों से आवेदन मांगे गए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर 2026 निर्धारित की गई है। कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, नवाचार और उन्नत तकनीक अपनाने वाले किसानों का चयन निर्धारित मापदंडों के आधार पर किया जाएगा। प्रत्येक विकासखंड से 5 किसानों को त्नचमम 10,000 तथा जिला स्तर पर चयनित

जनभागीदारी भर्ती में अनियमितता का आरोप, एनयूसीआई का अनशन शुरू

डीआर संवाददात>>सीहोर

जिले में जनभागीदारी के माध्यम से हुई भर्तियों में कथित अनियमितताओं को लेकर छैन्ऽ ने सोमवार से विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। छैन्ऽ जिलाध्यक्ष हरिओम सिसोदिया के नेतृत्व में संगठन के कार्यकर्ताओं ने अनिश्चितकालीन धरना और अनशन शुरू किया। संगठन ने भर्ती प्रक्रिया की जांच कराने और संदिग्ध नियुक्तियों को निरस्त करने की मांग उठाई है।

एनयूसीआई पदाधिकारियों का आरोप है कि जनभागीदारी के माध्यम से की गई कुछ नियुक्तियां नियमों के अनुरूप नहीं हुई हैं। संगठन ने दावा किया कि भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता का अभाव रहा है और कुछ मामलों में कथित तौर पर फर्जी तरीके से नियुक्तियां की गई हैं। इन नियुक्तियों की निष्पक्ष जांच कर वास्तविक स्थिति सामने लाने की मांग की गई है।

युवाओं को योग्यता के आधार पर रोजगार देने की मांग

एनयूसीआई ने मांग रखी है कि जांच के बाद दोषी पाए जाने वाली नियुक्तियों को रद्द किया जाए और भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। संगठन का कहना है कि योग्य एवं शिक्षित युवाओं को उनकी योग्यता के आधार पर रोजगार के अवसर मिलना चाहिए।

एनयूसीआई ने वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से धरना-प्रदर्शन में शामिल होकर समर्थन देने की अपील की है। संगठन के अनुसार आंदोलन युवाओं के रोजगार और उनके अधिकारों से जुड़े मुद्दे को लेकर किया जा रहा है।

धरने में जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती, शहर कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम यादव सहित कांग्रेस और छैन्ऽ के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

स्वामित्व अधिकार अभियान में अटका पंजीयन, 12 दिन बाकी फिर भी एक ग्रामीण को नहीं मिली रजिस्ट्री

डीआर संवाददात>>सीहोर

ग्रामीणों को उनकी संपत्ति का मालिकाना हक दिलाने के उद्देश्य से शुरू किया गया स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन विशेष अभियान समयसीमा खत्म होने के करीब पहुंच गया है, लेकिन जिले में अब तक एक भी ग्रामीण को रजिस्ट्री नहीं मिल सकी है। अभियान 17 अक्टूबर तक चलना है और अब केवल 12 दिन शेष हैं। ऐसे में निर्धारित समय में लक्ष्य पूरा होने पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाए जा रहे हैं, लेकिन पंजीयन प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पा रही है। जिले में पदस्थ 416 पटवारी इस अभियान का पहले से विरोध कर रहे हैं। इनमें वर्ष 2024 में नियुक्त 126 पटवारी भी शामिल हैं। अब तहसीलदार और नायब तहसीलदारों ने भी उप पंजीयक की शक्तियां देकर उनसे दस्तावेजों के निष्पादन का काम कराने पर आपत्ति जताई है।

पदीय गरिमा और अतिरिक्त काम का मुद्दा

सोमवार को मप्र राजस्व अधिकारी कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ ने इस संबंध में ज्ञापन सौंपा। संघ का कहना है कि तहसीलदार और नायब तहसीलदार द्वितीय श्रेणी राजपत्रित अधिकारी हैं, जबकि उप पंजीयक का पद तृतीय श्रेणी और गैर राजपत्रित है। ऐसे में उन्हें उप पंजीयक का काम सौंपना पदीय गरिमा के अनुरूप नहीं है। अधिकारियों ने पहले से मौजूद विभागीय कार्यभार का भी हवाला दिया है। सीहोर तहसीलदार अमित सिंह ने ज्ञापन सौंपे जाने की पुष्टि की है।

शिविरों में पहुंचकर लौट रहे ग्रामीण

स्वामित्व का अधिकार मिलने की उम्मीद में ग्रामीण शिविरों तक पहुंच रहे हैं, लेकिन उन्हें रजिस्ट्री के बिना ही लौटना पड़ रहा है। मुंगावली के रामसिंह और कृपाल, महोड़िया के देवकरण तथा बड़नगर के सुनील और राकेश ने

बाइक को कार ने मारी टक्कर, युवक की मौत

डीआर संवाददात>>सीहोर

पचामा क्षेत्र में रविवार देर रात कार की टक्कर से बाइक सवार युवक कपिल राठौर की मौत हो गई, जबकि उसका साथी मितेश राठौर घायल हो गया। घटना के बाद घायल मितेश ने पुलिस के सामने आरोप लगाया कि ढाबे पर हुए विवाद के बाद कार सवारों ने उनका पीछा किया और बाइक को टक्कर मारी। पुलिस मामले की जांच सड़क हादसे के साथ अन्य संभावित पहलुओं से भी कर रही है।

मितेश के अनुसार, रविवार रात ढाबे पर साउंड बंद कराने को लेकर धर्मेंद्र, ओमदीप और उनके साथ मौजूद लोगों से विवाद हुआ था। दोनों पक्षों के बीच कहासुनी के दौरान धमकी देने का भी आरोप लगाया गया। विवाद के बाद कपिल ने अपने चाचा को फोन कर घटना की जानकारी दी थी। कुछ देर बाद स्थिति शांत होने पर कपिल और मितेश बाइक से घर के लिए रवाना हुए।

मितेश का आरोप है कि पचामा में बैंक ऑफ इंडिया के पास कार ने उनकी बाइक के आगे गाड़ी लगाने की कोशिश की। इसके बाद वे आगे निकल गए। राजपूत ढाबे के पास पीछे से आई कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों सड़क पर गिर गए और कपिल गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में उसकी मौत हो गई।

घटना के बाद परिजन कोतवाली पहुंचे और कार्रवाई की मांग की। एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे ने बताया कि शॉर्ट पीएम रिपोर्ट का इंतजार है। सीएसपी अभिनंदना शर्मा के अनुसार मर्ग कायम कर एफएसएल टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण कराया गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

अंडर-15 चयन मैच में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखाम, जल्द घोषित होगी 16 सदस्यीय

डीआर संवाददात>>सीहोर

अंतरजिला अंडर-15 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए जिला क्रिकेट एसोसिएशन की चयन प्रक्रिया के तहत सोमवार को बीएसआई मैदान पर डीसीए रेड और डीसीए ब्लू के बीच 50-50 ओवर का चयन मुकाबला खेला गया। रोमांच से भरपूर इस मैच में डीसीए रेड ने ब्लू को महज एक रन से शिकस्त दी। मुकाबले के दौरान खिलाड़ियों ने बल्लेबाजी और गेंदबाजी में शानदार प्रदर्शन कर चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी डीसीए रेड की टीम निर्धारित ओवरों में 156 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से पार्थ अग्रवाल ने 56 रन की उपयोगी पारी खेली, जबकि धैर्य ने 15 रन बनाए। ब्लू की ओर से आर्यवर्धन-बंधन और दिव्यांश ने दो-दो विकेट हासिल किए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीसीए ब्लू की टीम ने आखिरी तक मुकाबले में अपना दावा बनाए रखा। आनंद मेवाड़ा ने 71 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली, लेकिन टीम जीत के लिए जरूरी रन नहीं बना सकी और एक रन से मैच गंवा बैठी। रेड की ओर से प्रियांश-यश ने दो-दो विकेट लिए। अंश, दिव्यांश और पार्थ अग्रवाल को एक-एक सफलता मिली।

प्रदर्शन के आधार पर बनेगी टीम

चयन प्रक्रिया में बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण के साथ खिलाड़ियों के अनुशासन व टीम भावना का भी आकलन किया जा रहा है। एमपीसीए के पर्यवेक्षक पुनित चतुर्वेदी सहित चयनकर्ताओं ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया। प्रशिक्षण और अभ्यास मैचों के प्रदर्शन के बाद आगामी दिनों में 16 सदस्यीय जिला अंडर-15 टीम घोषित की जाएगी। टीम अंतरजिला प्रतियोगिता में सीहोर जिले का प्रतिनिधित्व करेगी।

तैयारियों की बैठकें 15 को करौली वाली माता मंदिर से शुरू होगी यात्रा, इलाही माता मंदिर पर होगा समापन

121 मीटर की चुनरी के साथ निकलेगी भव्य चुनरी यात्रा, तैयारियों को लेकर जगह-जगह बैठकें

डीआर संवाददात>>सीहोर

नवरात्रि के अवसर पर शहर में आयोजित होने वाली भव्य चुनरी यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह बढता जा रहा है। 15 अक्टूबर को करौली वाली माता मंदिर से शुरू होने वाली यात्रा कस्बा स्थित इलाही माता मंदिर पहुंचेगी, जहां इसका विधिवत समापन किया जाएगा। यात्रा में श्रद्धालुओं द्वारा 121 मीटर लंबी चुनरी माता रानी को अर्पित की जाएगी।

चुनरी यात्रा की तैयारियों को लेकर शहर और आसपास के क्षेत्रों में लगातार बैठकें आयोजित की जा रही हैं। इनमें बड़ी संख्या में महिलाएं, युवतियां और युवा शामिल होकर यात्रा को व्यवस्थित एवं भव्य बनाने की तैयारियों पर चर्चा कर रहे हैं। बैठकों के दौरान यात्रा के मार्ग, श्रद्धालुओं की सहभागिता और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर जिम्मेदारियां तय की जा रही हैं। बैठकों के दौरान माता रानी के जयकारों और भक्ति गीतों से वातावरण भक्तिमय नजर आ रहा है।

आस्था और संस्कृति का प्रतीक है यात्रा

नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि चुनरी यात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह आस्था, श्रद्धा और सनातन संस्कृति से जुड़ा महत्वपूर्ण पर्व है। उन्होंने कहा कि यात्रा में महिलाओं और युवाओं की बढ़ती सहभागिता शहर में धार्मिक एकजुटता का संदेश दे रही है।

उन्होंने श्रद्धालुओं से 15 अक्टूबर को अधिक से अधिक संख्या में यात्रा में शामिल होने की अपील की। उनके अनुसार 121 मीटर लंबी चुनरी के साथ निकलने वाली यात्रा श्रद्धा और भक्ति का विशेष दृश्य प्रस्तुत करेगी।

आयोजन को लेकर विभिन्न क्षेत्रों में संपर्क अभियान भी चलाया जा रहा है। आयोजकों द्वारा अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को यात्रा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। नवरात्रि के बीच होने वाली इस यात्रा को लेकर शहर में अभी से उत्सव जैसा माहौल दिखाई देने लगा है। महिलाओं और युवाओं की सक्रिय भागीदारी से आयोजन की तैयारियां लगातार गति पकड़ रही हैं।

रेहटी में दुकान के ताले तोड़कर चोरी की कोशिश, सीसीटीवी में कैद हुए बदमाश

डीआर संवाददात>>रेहटी।

नगर के पुराने बस स्टैंड के पास मुकाती कॉम्प्लेक्स में देर रात अज्ञात बदमाशों ने एक दुकान में चोरी का प्रयास किया। बदमाश दुकान के ताले तोड़कर अंदर दाखिल हुए, लेकिन वहां सामान या नकदी नहीं मिलने पर वापस लौट गए। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद होने की बात सामने आई है।

दुकान संचालक मंगल सिंह चौहान, निवासी रेहटी ने घटना की जानकारी पुलिस को देते हुए अज्ञात आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बताया गया कि रात के समय बदमाश दुकान पर पहुंचे और ताले तोड़कर अंदर प्रवेश किया। दुकान में कुछ नहीं मिलने पर वे वहां से लौट गए।

घटना के बाद पुराने बस स्टैंड और बाजार क्षेत्र के व्यापारियों में चिंता है। व्यापारियों ने पुलिस से रात में गश्त बढ़ाने और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई करने की मांग की है।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर | आश्विनी कृष्ण 10– 2083 | सीहोर, दिन मंगलवार, दिनांक 06 अक्टुबर 2026

न्यूज गैलरी

10 अक्टूबर तक धान, ज्वार व बाजरा के होंगे पंजीयन

सीहोर। खरीफ विपणन वर्ष 2026–27 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन के लिए किसान पंजीयन प्रक्रिया का निर्धारण कर दिया गया है। किसान 10 अक्टूबर तक पंजीयन करा सकते हैं। कलेक्टर बालागुरु के. ने किसानों से आग्रह किया है कि निर्धारित समय में पंजीयन करा लें, जिससे किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो।

सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार के आवेदन 25 अक्टूबर तक

सीहोर। सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन आत्मा के तहत वर्ष 2025–26 के लिए सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार, बेस्ट आत्मा जिला पुरस्कार के लिए पात्र, इच्छुक कृषक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख 25 अक्टूबर तय की गई है। कृषकों से कहा गया है कि वे तय समय–सीमा में आवेदन जमा करें। कृषि क्षेत्र में बेहतर काम, नवाचार, उन्नत कृषि तकनीक अपनाकर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले कृषकों का तय मापदंडों पर मूल्यांकन होगा।

सोयाबीन उपार्जनरू किसानों का पंजीयन 17 तक

सीहोर। भारत सरकार की प्राइस डिफिसिट पेमेंट स्कीम (भावांतर योजना) के अंतर्गत खरीफ वर्ष 2026 (विपणन वर्ष 2026–27) में सोयाबीन फसल के लिए प्रदेश के किसानों का ई–उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन 17 अक्टूबर तक किया जाएगा। किसान सोयाबीन के पंजीयन के लिए ई–उपार्जन पोर्टल पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पंजीयन करा सकेंगे।

7 अक्टूबर तक मेगा महिला स्वास्थ्य शिविर

सीहोर। महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के बेहतर उपचार एवं विशेषज्ञ परामर्श के लिए अटल अस्पताल, गंगा आश्रम सीहोर में 5, 6 व 7 अक्टूबर तक किया जा रहा है। हर दिन सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक महिलाओं को स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञों की देखरेख में जांच, उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

10 अक्टूबर तक होंगी विभिन्न सेवा गतिविधियां

सीहोर। जिले में सेवा मेरा योगदान अभियान के अंतर्गत 10 अक्टूबर 2026 तक विभिन्न सेवा एवं जन हितैषी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। अभियान के तहत स्वच्छता, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, दिव्यांगजन सशक्तिकरण तथा जरूरतमंद वर्गों की सहायता से जुड़ी गतिविधियां आयोजित कर सेवा और सामाजिक सहभागिता का संदेश दिया जाएगा। इसी क्रम में 06 अक्टूबर को आंखों की जांच एवं चश्मों का वितरण किया जाएगा। 8 अक्टूबर को दिव्यांगजन सशक्तिकरण के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित होंगी। 9 अक्टूबर को वृहद वृक्षारोपण अभियान के साथ सैनिकों तथा उनके अभिभावकों का सम्मान किया जाएगा। अभियान के अंतिम दिन 10 अक्टूबर को जरूरतमंद विद्यार्थियों को आवश्यक सामग्री का वितरण किया जाएगा। सेवा मेरा योगदानश अभियान का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों की जरूरतों को समझते हुए सेवा और जनसहभागिता के माध्यम से जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाना है। अभियान के तहत ष्स्वच्छता, स्वास्थ्य, वृद्धजन एवं दिव्यांगजन सेवा, वृक्षारोपण, सैनिक परिवारों का

टीएल बैठक योजनाओं और अभियानों की समीक्षा की, राशन वितरण से लेकर खाद–बीज की उपलब्धता तक अधिकारियों को दिए निर्देश

सीहोर में कम बारिश को लेकर प्रशासन अलर्ट, किसानों को कम पानी वाली फसलों की सलाह

डीआर संवाददाता»सीहोर,

जिले में इस वर्ष औसत से कम बारिश को देखते हुए प्रशासन ने आगामी फसल को लेकर किसानों को कम पानी की जरूरत वाली फसलों की ओर प्रेरित करने की तैयारी शुरू कर दी है। कलेक्टर बालागुरू के. ने सोमवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में कृषि अधिकारियों को किसानों के बीच जागरूकता बढ़ाने और उपलब्ध जल संसाधनों के अनुसार फसल चयन के लिए मार्गदर्शन देने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि कम बारिश की स्थिति में पानी का उपयोग सोच–समझकर करना जरूरी है। कृषि विभाग के अधिकारी किसानों से लगातार संपर्क करें और ऐसी फसलों के संबंध में जानकारी दें, जिनमें सिंचाई के लिए अपेक्षाकृत कम पानी की आवश्यकता होती है। इसके साथ ही आमजन और किसानों को पानी की बर्बादी रोकने तथा जरूरत के अनुसार जल उपयोग के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए गए।

शिकायतों के निराकरण में लापरवाही नहीं

बैठक में सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई और विभिन्न शिविरों से प्राप्त शिकायतों व आवेदनों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का निर्धारित समय–सीमा में निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि केवल शिकायत बंद करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि आवेदक को वास्तविक राहत मिले, इसका भी ध्यान रखा जाए। विभागवार लंबित मामलों की नियमित समीक्षा कर शत–प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

जन विश्वास और सेवा संकल्प अभियान की समीक्षा

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान एवं सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले में चल रही गतिविधियों की विभागवार और जनपदवार प्रगति की समीक्षा भी की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को अभियान के तहत प्राप्त प्रकरणों का समय–सीमा में निराकरण करने के साथ पात्र हितग्राहियों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने पर जोर दिया। शिविरों का आयोजन तय कार्यक्रम के अनुसार करने और उनकी जानकारी समय पर आमजन तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए।

खाद–बीज और राशन वितरण पर नजर

बैठक में खाद और बीज की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए किसानों को जरूरत के अनुसार समय पर सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। वितरण व्यवस्था की लगातार निगरानी करने को भी कहा गया।

उचित मूल्य दुकानों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने पात्र हितग्राहियों को निर्धारित मात्रा में समय पर राशन उपलब्ध कराने और शत–प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राशन हितग्राहियों की लंबित ई–केवाईसी जल्द पूरी कराने पर भी जोर दिया गया।

फार्मर रजिस्ट्री का काम प्राथमिकता से

कलेक्टर ने भूमि आवंटन, फार्मर रजिस्ट्री, श्रम विभाग के लंबित प्रकरणों और स्वरोजगार योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की। अधिकारियों को लंबित मामलों का प्राथमिकता से निराकरण करने और पात्र लोगों को स्वरोजगार योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए गए। फार्मर रजिस्ट्री का काम तेजी से पूरा करने पर विशेष जोर दिया गया।बैठक में मध्यान्ह भोजन योजना की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए विद्यार्थियों को निर्धारित मापदंड के अनुसार गुणवत्तापूर्ण और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने तथा योजना की नियमित निगरानी के निर्देश भी दिए गए।

चोरी के मामलों में फरार दो वारंटी गिरफ्तार, न्यायलय ने जेल भेजा

डीआर संवाददाता» सीहोर।

चोरी के अलग–अलग मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे दो आरोपियों को मंडी थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ न्यायालय से स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी थे। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल सीहोर भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार मंडी थाने में दर्ज अपराध क्रमांक 62‹2026 में धारा 303(2) बीएनएस के तहत आरोपी गोविंद जांगड़ा फरार चल रहा था। वह ग्राम डेंडी, थाना शुजालपुर, जिला शाजापुर का निवासी है। इसी तरह अपराध क्रमांक 390‹2026 में धारा 331(4) और 305(ए) बीएनएस के तहत आरोपी सुनील मालवीय भी घटना के बाद से फरार था। सुनील मालवीय शुजालपुर थाना क्षेत्र के फ्रिगंज मंडी का रहने वाला है।

सूचना के आधार पर दबिश

पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे और नगर पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिनंदना शर्मा के मार्गदर्शन में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई थी। थाना प्रभारी निरीक्षक अर्चना सिंह चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर दोनों आरोपियों की तलाश की।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गो. विंद जांगड़ा और सुनील मालवीय को गिरफ्तार कर स्थायी वारंट की तामीली की। इसके बाद दोनों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। कार्रवाई में उपनिरीक्षक दिनेश कुमार सहगल, प्रधान आरक्षक सचिन सिंह जाट, प्रधान आरक्षक उमेश वर्मा, प्रधान आरक्षक अनिल दोहरे और आरक्षक नेपाल सिंह (आसूचना) की भूमिका रही।

सुलतानपुरा में महा प्रसादी के साथ कथा का समापन हुआ

डीआर संवाददाता›चरनाल

क्षेत्र के सुल्तानपुरा गांव में चल रही श्रीमद्भागवत सोमवार को समापन हुआ। कथा के समापन के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं में महा प्रसादी को वितरण किया गया। कथा व्यास पंडित अजय शास्त्री ने सात दिनों तक चली कथा के माध्यम से धार्मिक प्रसंग का वर्णन किया। उन्होंने श्रद्धालुओं को कथा सुनाई। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्राम सहित आउसपास के ग्रामीण श्रद्धालु उपस्थित रहे कथा के समापन के दौरान भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन, जिला मंत्री गिरीश कुमर सोलंकी, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कथा के अतिंम दिन कथा था व्यास ने बताया कि भगवान श्रीहरि ने गयासुर को वरदान दिया था कि जो भी श्रद्धालु श्राद्ध पक्ष में गयाजी पहुंचकर अपने पितरों के लिए तर्पण और पिंडदान करेंगे, उनके पितरों का उद्धार होगा और उन्हें स्वर्ग की प्राप्ति होगी। उन्होंने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार गयाजी में सर्वप्रथम पिंडदान माता सीता के हाथों हुआ था। कथा के दौरान इस प्रसंग के माध्यम से श्रद्धालुओं को पितरों के प्रति श्रद्धा और धार्मिक परंपराओं के महत्व से अवगत कराया गया।

रायपुरा की पहाड़ी पर रोपे पौधे, हरियाली बढ़ाने का लिया संकल्प

डीआरसंवाददात›सीहोर

प्रकृति संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से रविवार को योग की पाठशाला समूह के सदस्यों ने नगर के समीप ग्राम रायपुरा की पहाड़ी पर पौधरोपण किया। सांवल माता मंदिर के आसपास नीम, पीपल, जामुन, बरगद, आम, गुलमोहर और कदम सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने भी सहभागिता की।

समूह के सदस्य कपिल सूर्यवंशी ने बताया कि योग की पाठशाला के माध्यम से योग, ध्यान और व्यायाम के साथ लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

योगाचार्य दिनेश शर्मा ने जल संरक्षण, हरियाली बढ़ाने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संकल्प दिलाया।

बाइक को कार ने मारीटक्कर, युवक की मौत, हत्या की आशंका

डीआरसंवाददात›सीहोर

क्षेत्र में रविवार देर रात कार की टक्कर से बाइक सवार युवक कपिल राठौर की मौत हो गई, जबकि उसका साथी मितेश राठौर घायल हो गया। हादसा राजपूत ढाबे के पास हुआ। घायल मितेश ने पुलिस को दिए बयान में आरोप लगाया कि ढाबे पर विवाद के बाद कार सवार युवकों ने उनका पीछा किया और बाइक को पीछे से टक्कर मारी।मितेश के अनुसार, ढाबे पर साउंड बंद कराने को लेकर कुछ युवकों से विवाद हुआ था। इसके बाद कपिल और मितेश बाइक से घर के लिए निकले। आरोप है कि पचामा में कुछ दूरी आगे कार ने उनका रास्ता रोकने की कोशिश की और बाद में पीछे से बाइक को टक्कर मार दी।हादसे में कपिल के सिर में गंभीर चोट आई और उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे के अनुसार, शॉर्ट पीएम रिपोर्ट का इंतजार है। पुलिस हादसे और साजिश, दोनों पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

नमक चौराहे पर सजेगा मां दुर्गा का भव्य दरबार

डीआरसंवाददात›सीहोर।

सीहोर। शहर के नमक चौराहे पर शारदीय नवरात्रि के दौरान इस वर्ष भी मां दुर्गा का भव्य दरबार सजाया जाएगा। नव ज्योति संगठन के तत्वावधान में 11 अक्टूबर को विधि–विधान के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा की स्थापना की जाएगी। नौ दिनों तक यहां धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर संगठन की बैठक में कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई।

आयोजकों के अनुसार नमक चौराहे पर वर्ष 1960 से नवरात्रि में मां दुर्गा की आराधना की जा रही है। छह दशक से अधिक समय से चली आ रही इस परंपरा को इस वर्ष भी श्रद्धा और उत्साह के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। पंडाल का निर्माण स्थानीय कलाकारों द्वारा किया गया है। नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन मां का विशेष श्रृंगार, सुबह–शाम आरती और प्रसादी वितरण किया जाएगा। उज्जैन से आने वाले पुजारियों द्वारा विशेष आरती कराई जाएगी। इसके अलावा भजन संध्या और संगीतमय सुंदरकांड श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहेंगे। नवमी की रात कन्या भोज और भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

हिमांशु सोनी बने संगठन अध्यक्ष

संगठन की नई कार्यकारिणी के गठन के लिए हुई बैठक में हिमांशु सोनी छोटा डान को सर्वसम्मति से नव ज्योति संगठन का अध्यक्ष चुना गया। वंश पचौरी को कार्यक्रम अध्यक्ष, अंशुल ताम्रकार को उपाध्यक्ष, गौरव अग्रवाल को कोषाध्यक्ष, गणेशा जयपुरिया को सचिव, राघव अग्रवाल को संगठन मंत्री और चंदन चौरसिया को साज–सज्जा प्रभारी बनाया गया। संगठन पदाधिकारियों ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सदस्यों को अलग–अलग जिम्मेदारियां सौंपी जा रही हैं।

मंडी थाना पुलिस ने धामंदा से पकड़ा आरोपी, न्यायालय ने भेजा जेल

डीआर संवाददात» सीहोर,

शराब पीने के लिए पैसे मांगने और मना करने पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के मामले में मंडी थाना पुलिस ने 18 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को ग्राम धामंदा से पकड़ा। आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल सीहोर भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, 29 सितंबर को फरियादी ने मंडी थाने पहुंचकर

शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि आरोपी ने शराब पीने के लिए उससे पैसे मांगे। पैसे देने से इनकार करने पर आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसके साथ अड़ीबाजी और मारपीट की। इस दौरान जान से मारने की धमकी भी दी गई।फरियादी की शिकायत पर मंडी थाने में अपराध क्रमांक 327‹2026 दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में प्रकरण जांच में लिया गया। घटना के बाद आरोपी फरार था।

मुखबिर की सूचना पर हुई गिरफ्तारी

पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे और नगर पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिनंदना शर्मा के मार्गदर्शन में आरोपी की तलाश के लिए पुलिस टीम गठित की गई।

मंडियों में सीहोर में 10,580 क्विंटल सोयाबीन पहुंची, पचोर में भाव 5,805 और कुरावर में 5,815 रुपए तक रहे

सीहोर-पचोर-कुरावर मंडियों में सोयाबीन की जोरदार आवक, लहसुन 19 हजार तक

डीआर संवाददात»सीहोर

खरीफ सीजन में सोयाबीन की कटाई के साथ जिले और आसपास की कृषि उपज मंडियों में आवक लगातार बढ़ रही है। सोमवार 5 अक्टूबर को सीहोर कृषि उपज मंडी में कुल 16,073 क्विंटल कृषि उपज की आवक दर्ज हुई। इसमें अकेले पीले सोयाबीन की 10,580 क्विंटल आवक रही। वहीं फल–सब्जी मंडी में लहसुन के भाव अधिकतम 19,000 रुपए प्रति क्विंटल तक पहुंचे। प्याज का अधिकतम भाव 4,151 रुपए रहा।

सीहोर अनाज मंडी में कुल 12,608 क्विंटल उपज की आवक दर्ज की गई। सोयाबीन की बढ़ती आवक के बीच किसानों और व्यापारियों की गतिविधियां भी बढ़ी हैं। सब्जी मंडी में प्याज की 2,477 क्विंटल और लहसुन की 988 क्विंटल आवक हुई। प्याज के भाव 1,685 से 4,151 रुपए रहे और मॉडल भाव 3,690 रुपए रहा। लहसुन 6,200 से 19,000 रुपए तक बिका, जबकि मॉडल भाव 9,600 रुपए प्रति क्विंटल दर्ज हुआ।

पचोर में सोयाबीन की 10,988 क्विंटल आवक

राजगढ़ जिले की पचोर मंडी में भी सोयाबीन की अच्छी आवक रही। यहां कुल 13,363 क्विंटल कृषि उपज पहुंची। सोयाबीन की 10,988 क्विंटल आवक के बीच न्यूनतम भाव 3,500, अधिकतम 5,805 और मॉडल भाव 5,600 रुपए प्रति क्विंटल रहा। गेहूं 2,200 से 2,680 रुपए और मॉडल भाव 2,530 रुपए रहा। मसूर का अधिकतम भाव 6,600 और सरसों का 7,175 रुपए रहा।

कुरावर में 9 हजार क्विंटल से अधिक सोयाबीन

कुरावर कृषि उपज मंडी समिति के 5 अक्टूबर के दैनिक भाव पत्रक के अनुसार यहां कुल 9,991 क्विंटल कृषि उपज की आवक दर्ज हुई। इसमें सोयाबीन की 9,008 क्विंटल आवक रही। इसके भाव 2,050 से 5,815 रुपए प्रति क्विंटल रहे, जबकि मॉडल भाव 5,550 रुपए दर्ज हुआ।

कुरावर में गेहूं की 910 क्विंटल आवक हुई। गेहूं का अधिकतम भाव 2,925 और मॉडल भाव 2,575 रुपए रहा। चना 5,050 से 6,605 रुपए और मॉडल 6,150 रुपए तक बिका। सरसों का अधिकतम भाव 7,355 और मॉडल भाव 7,150 रुपए रहा। मसूर का अधिकतम भाव 6,210 और मॉडल 6,150 रुपए दर्ज हुआ। उड़द 4,500 से 5,505 रुपए के बीच बिकी।

श्यामपुर और अहमदपुर मंडियों में भी सोयाबीन व गेहूं की आवक बनी हुई है। मंडियों में बढ़ती आवक के बीच किसान अपनी उपज के बेहतर भाव की उम्मीद लगाए हुए हैं।

तीन दिवसीय मेगा महिला स्वास्थ्य शिविर आयोजित

डीआर संवाददात»सीहोर।

महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के बेहतर उपचार एवं विशेषज्ञ परामर्श के लिए अटल अस्पताल, गंगा आश्रम सीहोर में तीन दिवसीय मेगा महिला स्वास्थ्य शिविर जारी है। शिविर का आयोजन 5, 6 एवं 7 अक्टूबर तक किया जा रहा है। प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक महिलाओं को स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञों की देखरेख में जांच, परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।शिविर में बच्चेदानी का बाहर आना, बच्चेदानी या अंडाशय में गांठ, अत्यधिक

अथवा अनियमित मासिक धर्म, लंबे समय से दवाइयां लेने के बाद भी आराम नहीं मिलना, पेशाब संबंधी समस्याओं सहित अन्य स्त्री रोगों की जांच एवं उपचार किया जा रहा है।

शिविर के दौरान आवश्यक जांच एवं उपचार के साथ विशेषज्ञों से परामर्श, आधुनिक तकनीकों से उपचार तथा ऑपरेशन संबंधी रियायती सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। अटल अस्पताल

न्यूज गैलरी

आज भोपाल जाकर धरने में शामिल होंगे शिक्षक

विदिशा। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय आह्वान पर आज भोपाल के नीलम पार्क में शिक्षक धरना देंगे। आंदोलन में विदिशा जिले से हजारों शिक्षक शामिल होंगे। शिक्षक टीईटी से मुक्ति, प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना, पुरानी पेंशन बहाली और ई–अटेंडेंस से मुक्ति सहित विभिन्न मांगों को लेकर 27 सितंबर से लगातार धरना दे रहे हैं। नटेरन विकासखंड में शिक्षकों ने आंदोलन में शामिल होने का संकल्प लिया। राज्य शिक्षक संघ के प्रांतीय महासचिव राजेश एलिया, जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित सहित अन्य पदाधिकारियों ने शिक्षकों से धरना आंदोलन में पहुंचने का अनुरोध किया है।

11 को होगी श्यादें किशोर कुमारश संगीतमय संध्या

विदिशा। बॉलीवुड के हरफनमौला गायक–अभिनेता किशोर कुमार की 39वीं पुण्यतिथि पर लीजेंड्स म्यूजिकल ग्रुप द्वारा 11 अक्टूबर को श्यादें किशोर कुमारश स्वरांजलि संध्या आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम शाम 6रू30 बजे होगा। ग्रुप सदस्य प्रदीप पारस ने बताया कि संगीतमय शाम में कलाकार किशोर कुमार के सदाबहार गीतों की प्रस्तुतियां देकर उन्हें श्रद्धांजलि देंगे। आयोजकों ने संगीत प्रेमियों, कला अनुरागियों और किशोर दा प्रशंसकों से कार्यक्रम में शामिल होकर संगीतमय संध्या का आनंद लेने की अपील की है।

अवैध क्लीनिक पर कार्रवाई, सील किया

विदिशा। ग्राम सिरनोटा में सोमवार को राजस्व एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने उमेश यादव द्वारा संचालित क्लीनिक पर कार्रवाई की। निरीक्षण के दौरान क्लीनिक में उपचार के लिए पांच मरीज मिले। संचालक से क्लीनिक संचालन एवं चिकित्सा सेवाओं से संबंधित वैध दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। तनह जांच के बाद टीम ने पंचनामा तैयार कर क्लीनिक को सील कर दिया। साथ ही एफआईआर दर्ज कराने के लिए थाना प्रभारी त्योंदा को पत्र भेजा गया।

चांदी की पालकी में जिनवाणी शोभायात्रा

विदिशा। पर्युषण पर्व के बाद क्षमावाणी महोत्सव मनाया गया। अरिहंत बिहार चौत्यालय से रजत पालकी में जिनवाणी को विराजमान कर विहार कराया गया। अरिंहत विहार से प्रारंभ होकर बरईपुरा, किरी मोहल्ला, माधवगंज होते हुए तारण तरण चौत्यालय खरीफाटक में समापन हुआ। आयोजन के संयोजक सेठ अनिल कुमार जैन ने बताया कि

नसबंदी के कुछ घंटे बाद महिला की मौत, परिजन ने लापरवाही का आरोप लगाया

जिला अस्पताल में नसबंदी के बाद बिगड़ी तबीयत, पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण होगा स्पष्ट

डीआर संवाददाता ⏭ लटेरी

रविवार को प्रसव पीड़ा के दौरान एंबुलेंस में बेटी को जन्म देने वाली 30 वर्षीय संगीता लोधी की जिला अस्पताल में नसबंदी के कुछ घंटे बाद मौत हो गई। महिला के पति त्रिलोक लोधी ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए मामले की जांच की मांग की है। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि महिला की मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा।

जानकारी के अनुसार बंटीनगर निवासी संगीता लोधी को रविवार सुबह प्रसव पीड़ा होने पर एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया जा रहा था। रास्ते में ही उसकी सामान्य डिलीवरी हो गई और उसने बच्ची को जन्म दिया। इसके बाद मां और नवजात को जिला अस्पताल लाया गया। परिजनों के अनुसार उस समय दोनों की हालत सामान्य थी।

अस्पताल पहुंचने के बाद संगीता की नसबंदी की गई। परिजनों के अनुसार दोपहर करीब 12रू30 बजे नसबंदी के बाद उसे दर्द होने लगा। करीब 10.30 बजे दर्द कम करने के लिए इंजेक्शन दिया गया। इसके बाद करीब 3 बजे फिर इंजेक्शन लगाया गया। शाम करीब 5रू30 बजे तीसरा इंजेक्शन दिए जाने के बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई। पति का आरोप है कि इसी दौरान उसकी धड़कन बंद हो गई। डॉक्टरों ने महिला को आईसीयू में भर्ती किया, जहां करीब एक घंटे बाद शाम 6रू30 बजे उसे मृत घोषित कर दिया गया।

परिजनों ने उपचार के दौरान लापरवाही का आरोप लगाते हुए पूरे मामले की जांच की मांग की है। परिवार का कहना है कि डिलीवरी से पहले महिला की हालत सामान्य थी और नवजात बच्ची भी स्वस्थ है। संगीता के पहले से एक बेटा और एक बेटी हैं।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

अस्पताल के सिविल सर्जन अनूप वर्मा ने बताया कि नसबंदी के बाद महिला को दर्द होने पर दर्द कम करने के लिए इंजेक्शन दिए गए थे। महिला की मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। घटना के समय डॉक्टर अर्चना पटेल अस्पताल में ड्यूटी पर थीं। मामले में परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

एक्सप्रेस पर बच्ची को उतारने के लिए चलती ट्रेन से लटकी मां

डीआर संवाददाता ⏭ विदिशा

भोपाल–बिलासपुर एक्सप्रेस के विदिशा स्टेशन पर महज दो मिनट के ठहराव के दौरान सोमवार सुबह यात्रियों के बीच अफरातफरी की स्थिति बन गई। ट्रेन के जनरल कोच में चढ़ने की कोशिश कर रही एक महिला की दोनों बेटियां अंदर चली गईं, लेकिन ट्रेन चलने के बाद छोटी बेटी को तो वह नीचे उतार लाई, जबकि 10 साल की बड़ी बेटी भीड़ में फंस गई। गार्ड की सतर्कता से ट्रेन को रोककर बच्ची को सुरक्षित उतारा गया।

जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह करीब 11.30 बजे ट्रेन नंबर 18235 भोपाल–बिलासपुर एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म नंबर–1 पर पहुंची थी। ट्रेन में केवल सात कोच होने के कारण जनरल डिब्बे में काफी भीड़ थी। विदिशा की करीब 35 वर्षीय सोनू नामदेव अपनी 60 वर्षीय सास और 10 व 5 साल की दो बेटियों के साथ ट्रेन में चढ़ने का प्रयास कर रही थीं। भीड़ के बीच दोनों बेटियों को पहले अंदर भेज दिया गया, लेकिन महिलाएं गेट पर ही रह गईं। इसी दौरान ट्रेन चल पड़ी।

महिला ने छोटी बेटी को नीचे उतार लिया, जबकि बड़ी बेटी अंदर रह गई। स्थिति देखकर गार्ड ने वॉकीटॉकी से ट्रेन चालक से संपर्क कर आपात ब्रेक लगवाए। ट्रेन रुकने के बाद महिला ने बड़ी बेटी को भी सुरक्षित नीचे उतार लिया। बताया गया कि बीना रेलवे यार्ड के री–मॉडलिंग कार्य के कारण 15 से अधिक ट्रेनें डायवर्ट या री–शेड्यूल हैं। इससे भोपाल–बिलासपुर एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ बढ़ गई है। विदिशा से रोजाना बड़ी संख्या में यात्री भोपाल और बीना की ओर सफर करते हैं।

धान की फसल पर पानी का संकट, किसानों ने डैम से पानी छोड़ने की मांग

डीआर संवाददाता ⏭विदिशा

विदिशा। जिले में धान की फसल में बालियां आने के साथ ही किसानों की चिंता बढ़ गई है। खेतों में सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं होने से फसल प्रभावित होने का खतरा है। सोमवार को आसपास के कई गांवों के किसानों ने कलेक्टर को आवेदन देकर हलाली डैम से नहर और नदी में पानी छोड़ने की मांग की।

किसानों के अनुसार बामनखेड़ा, बोरिया, बल्लाखेड़ी, करैया हाट, खेजड़ा सुल्तान, पथरिया, मडैया, बालाबरखेड़ा, पिपरिया मोटा और काछीखेड़ा सहित आसपास के क्षेत्रों में बड़े स्तर पर धान की खेती की गई है। वर्तमान में फसल में बालियां आ चुकी हैं और दाने भरने के लिए पर्याप्त पानी जरूरी है। किसानों का कहना है कि समय पर सिंचाई नहीं मिलने से उत्पादन प्रभावित हो सकता है। किसानों ने प्रशासन से तत्काल पानी छोड़ने की व्यवस्था करने की मांग की है, ताकि फसल को नुकसान से बचाया जा सके।

राजस्थान से आती थी ब्राउन शुगर की खेप, ट्रेन में होती थी सप्लाई महिला समेत 6 गिरफ्तार

विदिशा। पुलिस ने सोमवार को ब्राउन शुगर की अवैध सप्लाई से जुड़े नेटवर्क का खुलासा करते हुए गंजबासौदा से एक महिला समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 38.56 ग्राम ब्राउन शुगर, ईको स्पोर्ट कार, बाइक, पांच स्मार्टफोन और दो इलेक्ट्रॉनिक कांटे जब्त किए गए हैं। जब्त सामान की कुल कीमत करीब 16.50 लाख रुपए बताई गई है।

पुलिस के अनुसार जांच में सप्लाई नेटवर्क की चार स्तरों वाली व्यवस्था सामने आई है। राजस्थान के झालावाड़ क्षेत्र से थोक में ब्राउन शुगर मध्यप्रदेश लाई जाती थी। इसके बाद बस, ट्रेन और निजी वाहनों के जरिए इसे भोपाल और विदिशा जिले तक पहुंचाया जाता था। पुलिस ने बताया कि राजा रघुवंशी नेटवर्क का संचालन करता था, जबकि अनुज दुबे उर्फ अन्नू महाराज सहित अन्य आरोपी माल को बासौदा तक पहुंचाते थे। इसके बाद यशवंत रघुवंशी और मोहित उर्फ लड्डू दांगी सहित अन्य लोग छोटी मात्रा में पुड़िया बनाकर ग्राहकों तक पहुंचाते थे।

पुलिस के मुताबिक आरोपी वॉट्सऐप कॉल के जरिए ग्राहकों से संपर्क करते और ऑनलाइन भुगतान लेते थे। इसके बाद सुनसान जगह पर पुड़िया रखकर उसका वीडियो ग्राहक को भेजा जाता था।

पुलिस ने अनुज दुबे, यशवंत रघुवंशी, राजा रघुवंशी, मोहित दांगी, विनीता जाटव और धर्मेंद्र दांगी को गिरफ्तार किया है। एसपी रोहित काशवानी ने बताया कि बैंक खातों और डिजिटल लेनदेन की जांच जारी है।

अबैध पकड़ी,एक पकड़ा

विदिशा। जिले में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन और बिक्री के खिलाफ आबकारी विभाग की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में सोमवार 5 अक्टूबर को सिरोंज क्षेत्र के ग्राम आन्धरेला में आबकारी विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए 63 बल्क लीटर अवैध देशी शराब जब्त की। मौके से आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर आबकारी विभाग की टीम ने सिरोंज थाना मुगलसराय क्षेत्र के ग्राम आन्धरेला में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान ग्राम निवासी अवधेश मालवीय के कब्जे से 200 पाव प्लेन देशी शराब और 150 पाव मसाला देशी शराब बरामद हुई।

नवोदय विद्यालय में राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस, 13 नवोदय स्कूलों के विद्यार्थियों ने दिखाया नवाचार

डीआर संवाददाता ⏭ शमशाबाद

पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय शमशाबाद में जबलपुर संकुल की राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन किया गया। नवोदय विद्यालय समिति नई दिल्ली के निर्देशानुसार आयोजित इस संकुल स्तरीय प्रतियोगिता में विभिन्न नवोदय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने अपने वैज्ञानिक विचार और नवाचार प्रस्तुत किए।विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य एवं उपप्राचार्य एमडी मिश्रा ने बताया कि प्रतियोगिता में जबलपुर, गुना, कटनी, खंडवा, खरगोन, मुरैना, सागर, शिवपुरी, अनूपपुर, डिंडोरी और उमरिया सहित अन्य नवोदय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने सहभागिता की। प्रतियोगिता के लिए बाहर से 49 और स्थानीय विद्यालय से पांच विद्यार्थियों सहित कुल 54 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम की समन्वयक मंजूनाथ मिश्रा ने बताया कि प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय झाबुआ के प्राचार्य वीके श्रीवास्तव, एमडी मिश्रा, पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय गुना के गणित शिक्षक सुशील कुमार त्यागी और एसएटीआई विदिशा के असिस्टेंट प्रोफेसर जेपी शाक्य शामिल रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से हुई। इसके बाद अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। प्रभारी प्राचार्य एमडी मिश्रा ने कहा कि प्रतियोगिता की फोकल थीम विज्ञान और नवाचार के माध्यम से सततशीलता पर आधारित है।

प्राचार्य वीके श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का नवाचार भविष्य की तकनीक बन सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी जिज्ञासा को हमेशा जागृत रखने का आह्वान किया।

जीव विज्ञान की शिक्षिका प्रियंका त्रिपाठी ने बताया कि राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का क्षेत्रीय समागम पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय आगर मालवा में 12 और 13 अक्टूबर को आयोजित होगा। कार्यक्रम का संचालन मनोज कुमार वर्मा ने किया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक और कर्मचारी मौजूद रहे।

विमुक्त, घुमंतु समुदायों के लिए विशेष शिविर

डीआर संवाददाता ⏭ विदिशा

दस्तावेज और शासकीय योजनाओं से जुड़ी समस्याओं का होगा प्राथमिकता से निराकरण

विदिशा। विमुक्त, घुमंतु एवं अर्द्धघुमंतु समुदायों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने और दस्तावेज संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए अक्टूबर में विशेष शिविर लगाए जाएंगे। शिविरों में जाति प्रमाण–पत्र, राशन कार्ड, आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेजों से जुड़े आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। शिविर 7 अक्टूबर को सूर्यनगर, 8 को नटेरन, 14 को गुलाबगंज, 15 को लक्ष्मीनगर, 21 को ग्यारसपुर और 28 अक्टूबर को खामखेड़ा में लगेंगे। सभी शिविर सुबह 11 बजे से शुरू होंगे।

शस्त्र पूजा

10 अक्टूबर को माधवगंज से निकलेगी माता महाकाली की शोभायात्रा

महिलाओं ने संभाली 9 दिवसीय महाकाली उत्सव की कमान, शस्त्र पूजा और महिला अखाड़ा रहेगा

डीआर संवाददाता ⏭ विदिशा

श्री महाकाली बांसकुली नारी शक्ति मंडल की बैठक उत्साह और भक्तिभाव के साथ आयोजित हुई। बैठक में महिलाओं ने श्री महाकाली उत्सव के नौ दिवसीय कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की और आयोजन को भव्य एवं व्यवस्थित बनाने के लिए विभिन्न जिम्मेदारियां संभालीं। इसी दौरान नारी शक्ति मंडल की नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया।

बैठक में संध्या गोस्वामी को नारी शक्ति मंडल का अध्यक्ष चुना गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सीमा रघुवंशी, संध्या जड़िया, गीता राजपूत, मंजू राजपूत और मीना को दी गई। उपाध्यक्ष पद पर रजनी पटेल, मंजू सोनी, महिमा सोनी, अंजू सोनी, प्रियंका राजपूत, श्यामा रघुवंशी और विमला सोनी को जिम्मेदारी सौंपी गई।

महामंत्री पद की जिम्मेदारी आयुषी राजपूत और ललिता राजपूत को दी गई है। मीडिया प्रभारी अनामिका पचौरी, मंजू सोनी और कनक राजपूत तथा कोषाध्यक्ष रीना राजपूत रहेंगी। उत्सव समिति की संरक्षक जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी रहेंगी।

10 अक्टूबर को होगा माता का आगमन

श्री श्री महाकाली बांसकुली की ऐतिहासिक धार्मिक परंपरा वर्ष 2026 में 79वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। उत्सव के तहत 10 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे माधवगंज से माता महाकाली की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। आजाद बैंड के साथ शुरू होने वाली शोभायात्रा मुख्य मार्ग, तिलक चौक और बड़ा बाजार होते हुए श्री महाकाली बांसकुली दरबार पहुंचेगी।

नौ दिवसीय उत्सव में शस्त्र पूजा, महिलाओं का अखाड़ा और भंडारा प्रमुख आकर्षण रहेंगे। पूरे नौ दिनों तक माता महाकाली की महाआरती भी आयोजित की जाएगी। आयोजन को लेकर नारी शक्ति मंडल की सदस्यों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।

सिरनोटा में अवैध क्लिनिक सील, एफआईआर के लिए पत्र भेजा

डीआर संवाददाता ⏭ विदिशा

राजस्व और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त कार्रवाई, मौके पर उपचार कराते मिले पांच मरीज

विदिशा। जिले में अवैध रूप से संचालित क्लिनिक और बिना वैध दस्तावेज चिकित्सा सेवाएं देने वालों के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई जारी है। सोमवार 5 अक्टूबर को राजस्व एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम सिरनोटा में उमेश यादव द्वारा संचालित क्लिनिक का निरीक्षण किया।

जांच के दौरान क्लिनिक में उपचार के लिए पांच मरीज मौजूद मिले। टीम ने क्लिनिक संचालन और चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने से संबंधित वैध दस्तावेज मांगे, लेकिन संचालक कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद टीम ने मौके पर पंचनामा तैयार कर क्लिनिक को सील कर दिया।

साथ ही नियमानुसार कार्रवाई के लिए थाना प्रभारी त्योंदा को एफआईआर दर्ज करने हेतु पत्र भेजा गया है। कार्रवाई में तहसीलदार त्योंदा आनंद जैन, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. नीलेश गुर्जर, चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रमेन्द्र तिवारी और फार्मासिस्ट राहुल साहू शामिल रहे। प्रशासन ने कहा कि अवैध चिकित्सा संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

डिजीटल अखबार

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहेड़ा, तलेन

आश्विनी कृष्ण पक्ष- 10 -2083

राजगढ़,दिन मंगलवार,दिनांक 06अक्टुबर,2026

न्यूज गैलरी

0जिले के 5 स्वास्थ्य केंद्रों पर नेत्र शिविर आज होगा

राजगढ़। सेवा संकल्प अभियान के तहत श्सेवा मेरा योगदानश अभियान में आज जिले में नेत्र शिविर लगाए जाएंगे। ग्रामीण और जरूरतमंद लोगों को जांच व उपचार की सुविधा देने तथा मोतियाबिंद से होने वाली अंधता की रोकथाम के उद्देश्य से यह शिविर खिलचीपुर, जिला चिकित्सालय राजगढ़, लखनवास, नरसिंहगढ़ और सारंगपुर में लगेंगे।

नेत्र शिविर का आयोजन 06 अक्ध्यूबर को

राजगढ़।सेवा संकल्प अभियान दृ 2026 के अंतर्गत "सेवा मेरा योगदान" की भावना को साकार करते हुए जिला स्वास्थ्य विभाग राजगढ़ द्वारा नेत्र शिविर का आयोजन 06 अक्ध्टूबर, 2026 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खिलचीपुर, जिला चिकित्सालय राजगढ़, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लखनवास, सिविल हॉस्पिटल नरसिंहगढ़ एवं सिविल हॉस्पिटल सारंगपुर में किया जाएगा। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं जरूरतमंद लोगों को नेत्र संबंधी जांच एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराना तथा मोतियाबिंद के कारण अंधता की रोकथाम करना है। शिविर में आने वाले मरीजों की नेत्र जांच, दृष्टि परीक्षण एवं आवश्यक चिकित्सकीय परीक्षण किया जाएगा। जांच के दौरान मोतियाबिंद एवं अन्य नेत्र संबंधी समस्याओं से पीड़ित मरीजों को उचित परामर्श दिया जाएगा तथा आवश्यकता अनुसार आगे के उपचार एवं ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया जाएगा। "सेवा मेरा योगदान" के संदेश के साथ आयोजित यह अभियान समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने और "स्वस्थ दृष्टि, स्वस्थ समाज" के संकल्प को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

एक दाना, एक राम नाम . . नन्हे साधकों ने 45 हजार बार किया जप

राजगढ़। श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर में गणेश चतुर्थी से चल रहे सवा करोड़ श्री राम नाम जप संकल्प में अब नन्हे बच्चे भी श्रद्धा के साथ सहभागिता कर रहे हैं।प्रियल पाटीदार, हिमांशी पाटीदार, आराध्य पाटीदार और कार्तिक पाटीदार ने सुबह-शाम मिलकर करीब 800 ग्राम चावल के दानों पर लगभग 45 हजार बार श्री राम नाम का जप किया। बच्चों ने चावल के प्रत्येक दाने के साथ राम नाम का जप कर संकल्प में अपनी सहभागिता दर्ज कराई। मंदिर में चल रहे संकल्प के तहत श्रद्धालु चावल के दानों के माध्यम से श्री राम नाम का जप कर रहे हैं।

कार ने बाइक को तीन बार मारी टक्कर, 50 मीटर तक घसीटीय दी घायल, एक भोपाल रेफर

'पुरानी रंजिश में जानबूझकर टक्कर मारने का आरोप, पुलिस ने कार जब्त

डीआर संवाददाता ⏩ब्यावरा।

भोपाल फोरलेन बायपास पर सिविल अस्पताल चौराहे के पास सोमवार सुबह करीब 11.30 बजे कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। हादसे में आकाश शाक्यवार और गोपाल दांगी को चोटें आईं। आकाश की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे भोपाल रेफर किया गया।

घायल पक्ष ने आरोप लगाया कि पुरानी रंजिश के चलते कार चालक ने बाइक को तीन बार टक्कर मारी। जानकारी के अनुसार अस्पताल रोड के पास दोनों पक्षों के बीच पहले कहासुनी हुई थी। स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कर विवाद शांत कराया। इसके बाद आकाश शाक्यवार और गोपाल दांगी बाइक से होटल की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आई कार ने बाइक को टक्कर मार दी।

आरोप है कि टक्कर के बाद कार चालक ने वाहन रोकने के बजाय रिवर्स लेकर दोबारा बाइक को टक्कर मारी। इस दौरान बाइक करीब 50 मीटर तक कार के साथ घिसटती चली गई। घटना के बाद कार चालक वाहन को हाईवे पर छोड़कर मौके से भाग गया। आसपास मौजूद लोगों ने दोनों घायलों को ऑटो से सिविल अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने कार जब्त कर आरोपी चालक विनोद शाक्यवार को गिरफ्तार कर लिया।

देहात थाना प्रभारी प्रवीण जाट के अनुसार दोनों पक्षों के बीच पहले विवाद होने की जानकारी सामने आई है। मामले की जांच की जा रही है। आरोपी चालक ने पुलिस को बताया कि वह बायपास की ओर जा रहा था और सामने से अचानक बाइक आने के कारण

सड़क हादसे में महिला सहित तीन लोग घायल

ब्यावरा। अस्पताल रोड पर सोमवार दोपहर करीब 12 बजे एक अन्य सड़क हादसे में महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार सुठालिया निवासी ओमप्रकाश नाथ बाइक से रामगढ़ जा रहे थे। अस्पताल रोड के पास मातामंड निवासी कमला बाई बाइक पर बैठ रही थीं। इसी दौरान गुना की ओर से आए ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी।

हादसे में ओमप्रकाश, कमला बाई और इंद्रपाल सड़क किनारे जा गिरे। कमला बाई के सिर, हाथ-पैर में चोटें आईं, जबकि ओमप्रकाश के सिर और हाथ-पैर में चोट लगी। इंद्रपाल को मामूली चोट आई। कमला बाई की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद राजगढ़ रेफर किया गया। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

कुरावर मंडी में भुगतान को लेकर विवाद, कुछ देर रुकी सोयाबीन की खरीदी

डीआर संवाददाता ⏩ राजगढ़

जिले की कुरावर कृषि उपज मंडी में सोमवार को सोयाबीन की उपज के भुगतान को लेकर किसान और व्यापारी आमने-सामने आ गए। भुगतान की शर्तों को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ने के बाद सोयाबीन की नीलामी और खरीदी कुछ समय के लिए रोक दी गई। इससे मंडी में कारोबार प्रभावित रहा।

जानकारी के अनुसार किसानों की मांग थी कि सोयाबीन की उपज का अधिकतम भुगतान नगद किया जाए। वहीं व्यापारियों का कहना था कि वे 30 प्रतिशत राशि नगद और शेष भुगतान आरटीजीएस के माध्यम से करेंगे। इसी मुद्दे को लेकर मंडी में बहस शुरू हो गई। मामला बढ़ने पर सोयाबीन की नीलामी और खरीदी रोक दी गई।

विवाद की जानकारी मिलने पर मंडी सचिव मौके पर पहुंचे और किसानों तथा व्यापारियों से बातचीत की। उन्होंने दोनों पक्षों की बात सुनी और भुगतान को लेकर सहमति बनाने का प्रयास किया। बातचीत के बाद दोनों पक्षों के बीच सहमति बन गई।

सहमति होने के बाद मंडी में सोयाबीन की नीलामी और खरीदी का काम दोबारा शुरू कर दिया गया। इसके साथ ही कुछ समय से प्रभावित मंडी कारोबार भी सामान्य हो गया। मंडी प्रबंधन ने किसानों और व्यापारियों के बीच आपसी सहमति से विवाद का समाधान कराया।

कोटवार संघ ने लंबित मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

डीआर संवाददाता ⏩सारंगपुर।

मध्यप्रदेश आजाद कोटवार कर्मचारी संघ ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर सोमवार को मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार रणधीर मीणा को ज्ञापन सौंपा। ब्लॉक अध्यक्ष दीपक भिलाला के नेतृत्व में पहुंचे कोटवारों ने प्रदेश के करीब 38 हजार कोटवारों की मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग की।

संघ ने कोटवारों को स्थायी शासकीय कर्मचारी घोषित करने और 10 वर्ष की सेवा पूरी कर चुके कर्मचारियों को योग्यता के अनुसार सहायक पटवारी, भृत्य, वाहन चालक, कंप्यूटर ऑपरेटर, सहायक ग्रेड-3 सहित समकक्ष पदों पर पदोन्नति देने की मांग रखी। भविष्य की भर्तियों में आरक्षण, सेवा भूमि का स्वामित्व वापस कोटवारों के नाम दर्ज करने, मानदेय बढ़ाने, सीयूजी सिम और वर्दी की राशि देने की मांग भी की गई।

संघ ने कहा कि मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं होने पर 2 से 21 अक्टूबर तक काली पट्टी बांधकर विरोध, 22 अक्टूबर से काम बंद आंदोलन और 30 अक्टूबर से भोपाल में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा।

मायके आई पत्नी को पति ने दी धमकी, पुलिस ने दर्ज किया मामला

डीआर संवाददाता ⏩ब्यावरा।

बरखेड़ा गांव में मायके आई महिला ने अपने पति पर घरेलू विवाद को लेकर प्रताड़ित करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। महिला ने भाई के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

महिला के अनुसार उसका पति पिछले करीब एक साल से घरेलू बातों को लेकर गाली-गलौज और मानसिक व शारीरिक रूप से परेशान कर रहा था। इससे परेशान होकर वह मई में दोनों बच्चों के साथ इंदौर से मायके आ गई थी। महिला ने बताया कि 23 सितंबर की रात करीब 8 बजे पति पवन मायके पहुंचा और उसे अपने साथ इंदौर चलने के लिए कहा। महिला के मना करने पर विवाद हो गया।

आरोप है कि पति ने बच्चों के खर्च के पैसे देने से इनकार करते हुए गाली-गलौज की। परिजनों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। महिला का आरोप है कि जाते समय पति ने खर्च के लिए पैसे मांगने पर जान से खत्म करने की धमकी दी। परिवार ने पहले सामाजिक स्तर पर मामला सुलझाने का प्रयास किया, लेकिन बाद में पुलिस से शिकायत की।

नेशनल खिलाड़ी वैष्णवी की मौत, डेढ़ माह बाद थी शादी

सारंगपुर। जिस घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं, वहां अचानक मातम पसर गया। दो बार राष्ट्रीय स्तर पर खेल चुकी 26 वर्षीय वैष्णवी (तनु) जाधव का हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वैष्णवी की शादी तीन महीने बाद तय थी। एक दिन पहले ही उन्होंने शादी के लिए खरीदारी की थी, लेकिन अगले ही दिन उनकी मौत की खबर से परिवार सहित पूरे नगर में शोक की लहर दौड़ गई।

नगरपालिका चुनाव से पहले कांग्रेस ने कराया जनमत प्रयोग

डीआर संवाददाता ⏩ राजगढ़।

नगरपालिका चुनाव में करीब छह महीने का समय बाकी है, लेकिन परिषद के कार्यकाल के अंतिम वर्ष में शहर की राजनीतिक गतिविधियां तेज होने लगी हैं। इसी बीच रविवार को शहर कांग्रेस ने जनता की राय जानने के लिए ओपिनियन पोल का आयोजन किया। कांग्रेस कार्यकर्ता बाजार में मतपेटी जैसे बंद बॉक्स के साथ पहुंचे और दुकानदारों व आम लोगों से शहर की प्रमुख समस्याओं को लेकर लिखित राय ली।

ओपिनियन पोल की शुरुआत शाम करीब 5.30 बजे किला क्षेत्र से हुई। इसके बाद यात्रा मुख्य बाजार, पारायण चौक और सब्जी बाजार होते हुए तिल्ली चौक पहुंची। लोगों से तीन मुद्दों पर पर्ची के माध्यम से हां या नहीं में राय मांगी गई। इनमें मुख्य बाजार की सड़कों का निर्माण, रात के समय नियमित सफाई और नगरपालिका कर्मचारियों को नियमित वेतन भुगतान प्रमुख थे।

शाम करीब 7.30 बजे तिल्ली चौक पर दुकानदारों की मौजूदगी में मतपेटी खोली गई और मतगणना की गई। कांग्रेस के अनुसार कुल 535 लोगों ने अपनी राय दी। इनमें 520 लोगों ने मांगों के समर्थन में 'हां' लिखा, जबकि 10 लोगों ने 'नहीं' में मत दिया। पांच पर्चियां निरस्त मानी गईं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य आरोप-प्रत्यारोप के बजाय शहर के विकास और नगरपालिका की व्यवस्थाओं को लेकर जनता की प्राथमिकताएं जानना था। कार्यक्रम में पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी, पूर्व विधायक बापू सिंह तंवर, शहर कांग्रेस अध्यक्ष नयन विजयवर्गीय सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

17 अक्टूबर को निकलेगी 121 मीटर की भव्य चुनरी यात्रा

डीआर संवाददाता ⏩राजगढ़।

नवरात्रि पर्व को लेकर नगर में धार्मिक उत्साह बढ़ने लगा है। हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में इस वर्ष भी 121 मीटर की भव्य चुनरी यात्रा निकाली जाएगी। इसे लेकर रविवार शाम मां मंशापूर्ण वैष्णो माता मंदिर परिसर में समिति की बैठक हुई। इसमें सर्वसम्मति से तय किया गया कि यात्रा 17 अक्टूबर, शनिवार को सप्तमी के दिन निकाली जाएगी।

यात्रा के लिए पुष्पा पंवार को संयोजक तथा तृप्ति शर्मा, वर्षा मंगल और मंजू आर्य को सह-संयोजक नियुक्त किया गया। समिति ने आयोजन की जिम्मेदारी मातृशक्ति को सौंपते हुए महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया है।

हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष पवन शर्मा ने बताया कि चुनरी यात्रा खेड़ापति शीतला माता मंदिर, मातमंड से शुरू होगी। यात्रा पुराना सुठालिया रोड, साहू धर्मशाला, मेन मार्केट, जगात चौक, एसडीएम निवास, इंदौर नाका, अहिंसा द्वार और पीपल चौराहा होते हुए मां मंशापूर्ण वैष्णो देवी मंदिर पहुंचेगी। यहां मातारानी की आरती और पूजन के साथ यात्रा का समापन होगा। समिति ने श्रद्धालुओं से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

बैठक में समीक्षा सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों पर सख्ती, दो अधिकारियों पर 2-2 हजार रुपए जुर्माना

कलेक्टर ने सोयाबीन भावांतर पंजीयन, जन विश्वास और सेवा संकल्प अभियान की समीक्षा

डीआर संवाददाता ⏩ ब्यावरा

कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक में सीएम हेल्पलाइन की विभागवार समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को शिकायतों का निर्धारित समय में संतुष्टिपूर्ण और गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। लापरवाही मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई। समीक्षा के दौरान तहसीलदार छापीहेड़ा और नायब तहसीलदार संडावता से संबंधित शिकायतें समय-सीमा के बाद भी लंबित पाए जाने पर दोनों पर 2-2 हजार रुपए जुर्माना लगाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने ई-अटेंडेंस और सार्थक ऐप पर दर्ज उपस्थिति की भी समीक्षा की और अधिकारियों-कर्मचारियों की नियमित निगरानी के निर्देश दिए।

भावांतर पंजीयन में किसानों को सुविधा देने के निर्देश

बैठक में 3 से 17 अक्टूबर तक चल रहे सोयाबीन भावांतर पंजीयन की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने एसडीएम और तहसीलदारों को मंडियों में किसानों एवं व्यापारियों के साथ बैठक कर योजना की जानकारी देने तथा पात्र किसानों के पंजीयन में किसी तरह की परेशानी नहीं होने देने के निर्देश दिए।

शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान वर्ष 2024-25 की आरटीई संबंधी जानकारी समय पर प्रस्तुत नहीं किए जाने पर डीपीसी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री जन विश्वास एवं सेवा संकल्प अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए योजनाओं और सेवाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के निर्देश दिए। साथ ही निर्वाचन संबंधी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने को कहा। बैठक के अंत में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के पूर्व स्वास्थ्य विभाग ने अधिकारियों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई।

पान मसाले के झोले में डोडाचूरा छिपाकर बैठा था आरोपी, पुलिस ने पकड़ा

डीआर संवाददाता ⏩राजगढ़।

खुजनेर पुलिस ने ऑपरेशन शुद्धि के तहत पांदा धड़ला रोड स्थित जमनालाल पार्क के पास कार्रवाई करते हुए डोडाचूरा के साथ एक 55 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी पान मसाले के झोले में डोडाचूरा छिपाकर बिक्री के लिए बैठा था।

मुखबिर से सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर आरोपी झोला लेकर वहां से जाने लगा, लेकिन टीम ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम कमलसिंह माली (55), निवासी डोडी, थाना जावर, जिला सीहोर बताया। तलाशी के दौरान झोले से 6.016 किलो डोडाचूरा बरामद हुआ, जिसकी कीमत करीब 20 हजार रुपए बताई गई है। आरोपी के पास से करीब एक हजार रुपए कीमत का मोबाइल भी मिला। पुलिस ने कुल 21 हजार रुपए का मशरूका जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है।पुलिस आरोपी से डोडाचूरा के स्रोत और संभावित सप्लाई नेटवर्क के संबंध में पूछताछ कर रही

नाक-कान-गला दिव्यांगों के लिए शिविर

राजगढ़द्यनाक, कान एवं गला (ईएनटी) संबंधी दिव्यांगों के लिए 5 अक्टूबर यानी आज को जनपद शिक्षा केंद्र, उत्कृष्ट विद्यालय के पीछे राजगढ़ में शिविर आयोजित होगा। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा हितग्राहियों का परीक्षण किया जाएगा। जरूरत के अनुसार दिव्यांगता प्रमाण-पत्र बनाने की कार्रवाई भी की जाएगी। जिले के ईएनटी संबंधी दिव्यांगजनों से निर्धारित तिथि और स्थान पर उपस्थित होकर शिविर का लाभ ले सकते हैं।